# पहाड़ियां काट किया जा रहा अवैध होटल निर्माण यूडीए ने किया सील

■ पाबंद करने के बाद भी चल रहा था काम

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से लगातार अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को एक बार फिर से यूडीए ने कैलाशपुरी तालाब के समीप हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही को अंजाम देते हुए उसे सीज किया।

यूडीए आयुक्तअभिषेक खन्ना ने बताया कि राजस्व ग्राम मूंवास मून के आराजी संख्या 1944/427 जो कैलाशपुरी तालाब के पास स्थित हो कर पहाड़ी भूमि है,मौके पर पहाड़ी भूमि को कट कर बिना सक्षम स्वीकृति के व्यवसायिक निर्माण किया जा रहा था, इस निर्माण को प्राधिकरण दल द्वारा पूर्व में प्राम्भिक स्तर पर ही रुकवाया गया और बिना स्वीकृति के निर्माण नही करने के लिए पाबंद किया गया,इसके बाद भी मौके पर अनवरत अवैध निर्माण जारी रखा गया

यूडीए कमिश्नर अभिषेक खन्ना ने बताया कि राजस्व ग्राम मूणवास की आराजी संख्या 1944/427 स्थित पहाड़ी भूमि को काटकर बिना सक्षम स्वीकृति के व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था।प्राधिकरण दल ने पहले निर्माण को प्रारंभिक स्तर पर ही रुकवाते हुए संबंधित पक्ष को बिना अनुमति निर्माण नहीं करने के लिए पाबंद किया था। इसके बावजूद मौके पर निर्माण कार्य लगातार जारी रखा गया।जिस पर कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

सचिव राजपाल सिंह के अनुसार. उदयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम-2023 की धारा 32 के तहत प्रकरण दर्ज कर नोटिस जारी किया गया।नोटिस के जवाब में भी संबंधित पक्ष कोई वैध निर्माण स्वीकृति प्रस्तुत नहीं कर सका और निर्माण कार्य जारी रखा। इस पर प्राधिकरण ने सख्त कार्रवाई करते हुए निर्माण को सीज कर दिया।मंगलवारको अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एकलिंगजी तालाब के पास पहाड़ी भूमि पर किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया।

कमिश्नर खन्ना ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का निर्माण शुरू करने से पहले नियमानुसार स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें।उन्होंने कहा कि बिना अनुमति किए गए निर्माणों का नियमन संभव नहीं होता, जिससे बाद में कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। प्राधिकरण भविष्य में भी अवैध कब्जों और निर्माणों के खिलाफ अभियान जारी रखेगा। कार्रवाई तहसीलदार डॉ.अभिनव शर्मा के निर्देशन में भू.अभिलेख निरीक्षक राजेंद्र सेन,बाबूलाल तेली,पटवारी दीपक जोशी तथा होमगार्ड जाब्ते की मौजूदगी में की गई।

## समीक्षा बैठक ली

**राजसमंद, (निसं)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में संपर्क पोर्टल, ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों, मानसून पूर्व तैयारियों तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

जिला कलेक्टर हसीजा ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा सभी विभाग जीरो पेंडेंसी के लक्ष्य के साथ कार्य करें। उन्होंने भारत सरकार के सीपी ग्राम्स पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को भी संपर्क पोर्टल की भांति गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# उदयपुर के नयागांव उपखंड में टूटेंगे 23 जर्जर स्कूल

■ 163 में से 73 बिल्डिंग जर्जर घोषित की थी, 20 हजार छात्रों को बैठाने की पुख्ता व्यवस्था नहीं

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले के नयागांव उपखंड क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों को लेकर अभी संकट गहराता जा रहा है। 29 जून से खुलने वाले हैं। यहां करीब 20 हजार छात्रों बैठने की अभी तक पुख्ता व्यवस्था नहीं हुई है।

प्रशासन ने उपखंड के 163 स्कूल भवनों में से 73 भवनों को जर्जर घोषित किया था और इनमें 40 भवनों को ध्वस्त किया जा चुका है। इस ब्लॉक में 23 भवन अभी भी गिराए जाने बाकी हैं। इन भवनों में स्कूल सामग्री रखी होने तथा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण इन्हें हटाने का काम अटका पड़ा है।सबसे ज्यादा खराब स्थिति प्राथमिक विद्यालयों की है। भवनों की कमी के कारण 40 से 50 विद्यालयों का संचालन मंदिरों, आंगनवाडि़यों,निजी भवनों, सामुदायिक भवनों और महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में किया जा रहा है।

हालांकि जर्जर भवनों के स्थान पर नए निर्माण के लिए बजट की कमी बनी हुई है। डीएमएफटी उदयपुर फंड से केवल 15 से 20 विद्यालय भवनों के निर्माण के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। वहीं राज्य सरकार द्वारा घोषित 22 विद्यालय भवनों के लिए अब तक बजट जारी नहीं हुआ है।भूमि संबंधी समस्याएं भी नए भवन निर्माण में बाधा बन रही हैं। उपखंड के 83 विद्यालयों के पास भूमि के पट्टे उपलब्ध नहीं हैं,जबकि 55 विद्यालयों के लिए पट्टा जारी करने की फाइलें लगी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द बजट उपलब्ध नहीं कराया गया और नए भवनों का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो आने वाले नए सत्र में हजारों विद्यार्थियों को असुरक्षित भवनों और अस्थायी व्यवस्थाओं में पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

नयागांव के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि जर्जर भवनों में बच्चों को नहीं बैठाकर अन्य जगह वैकल्पिक तौर पर स्कूल संचालित किए जा रहें हैं, बजट के लिए समसा,विधायक डीएमएफटी मद,सांसद मद से राशि के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# ग्रामीणों ने खेलों के जरिए दिया आत्मनिर्भरता का संदेश

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान बाल कल्याण समिति की ओर से जिले में ग्रामीण समुदायों की आत्मनिर्भरता और लचीलेपन को बेहतर बनाने, रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में ओलंपिक पखवाड़े के तहत जिले में खेल, स्वास्थ्य एवं सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले में 30 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में 2 हजार 29 महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने भाग लिया।

परियोजना समन्वयक मुकेश गुर्जर ने बताया कि ओलंपिक पखवाड़े के माध्यम से ग्रामीण समुदायों में खेल भावना, स्वस्थ जीवनशैली तथा सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान दौड़ प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, रस्साकस्सी, मटका फोड़, गुब्बारा फोड़ सहित विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को ओलंपिक के मूल्यों, उत्कृष्टता, मित्रता एवं सम्मान से परिचित कराया गया तथा खेलों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। खेल गतिविधियों के माध्यम से टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं आपसी सहयोग जैसे गुणों को बढ़ावा मिला। इस श्रृंखला के अंतर्गत ग्राम पंचायत छापरिया में जिला स्तरीय कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें 282 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर रिलायंस फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने आत्मनिर्भर गांवों की अवधारणा पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी गांव की प्रगति उसके लोगों की सक्रिय भागीदारी, सामुदायिक सहयोग और स्वस्थ जीवनशैली पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि समुदाय को जोड़ने, आत्मविश्वास बढ़ाने और नेतृत्व विकसित करने का सशक्त साधन हैं। ऐसे आयोजन ग्रामीणों को संगठित करने और आत्मनिर्भर एवं सशक्त गांवों के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, वार्ड पंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, राजीविका समूहों के सदस्य, एफपीओ प्रतिनिधि, कम्युनिटी चैंपियंस, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रमीण मौजूद रहे। सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ, सक्रिय एवं आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# फायर सेफ्टी को लेकर देखी व्यवस्था

■ 655 प्रतिष्ठानों पर हुआ सर्वे, 337 प्रतिष्ठान संचालकों जारी किए नोटिस

■ नगर निगम की सात टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में किया निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से नगर निगम उदयपुर द्वारा चलाया जा रहा विशेष फायर सेफ्टी सर्वे अभियान लगातार जारी है।

पिछले 15 दिनों से जिला अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी के नेतृत्व में सात विशेष टीमों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण एवं सर्वे कार्य किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देशानुसार गठित टीमों ने शहर कोट अंदर,बलीचा, प्रतापनगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटल, अस्पताल, कोचिंग संस्थान, मॉल, बहुमंजिला भवनों एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग की इमारतों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध अग्निशमन संसाधनों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की।

अब तक कुल 655 प्रतिष्ठानों का सर्वे किया जा चुका है, जिनमें से 337 प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियां पाए जाने पर संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान टीमों द्वारा फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग,फायर अलार्म सिस्टम, विद्युत सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच की जा रही है।

अग्निशमन अधिकारी शिवराम मीणा, सहायक अग्निशमन अधिकारी नवदीप सिंह बग्गा सहित विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष फायर सेफ्टी सर्वे अभियान में कार्यरत है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि मनाई

■ कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आव्हान

**डूंगरपुर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय डूंगरपुर में मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कनकमल कटारा तथा अध्यक्षता जिला महामंत्री ने की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद पटेल, जिला उपाध्यक्ष माधवलाल वरहात, एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमृत कलासुआ, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदर्शन जैन, जिला महामंत्री सुरमाल परमारए ईश्वर लबाना, जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, जवाहर भाटिया, देवराम रोत, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष बृजेश वसीटा, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष भंवर कटारा, नगर अध्यक्ष नयन सुथार, महेश पाटीदार, परेश गमेती, जयेश लोधावरा सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रमोद सामर ने अपने संबोधन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने देश में एक संविधान, एक निशान और एक प्रधान के सिद्धांत को स्थापित करने के लिए संघर्ष किया और जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी व्यवस्थाओं का विरोध करते हुए अपना बलिदान दिया। उनका जीवन राष्ट्रभक्तिए साहस और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। सामर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने व समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आव्हान किया।

# उपखंड अधिकारी ने शिविर की प्रगति की जानकारी ली

**कपासन, (निसं)।** राज्य सरकार के शहरी सेवा शिविर अभियान के तहत नगर पालिका कपासन द्वारा वार्ड संख्या 9 में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उपखंड अधिकारी एवं नगर पालिका प्रशासक राजेश सुवालका ने औचक निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर शिविर की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी खेमराज सिंह गुर्जर भी उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी ने शहरी सेवा शिविरों के अंतर्गत पट्टा वितरण कार्य में नगर पालिका कपासन के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए अधिकारियों एवं कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि 23 जून तक नगर पालिका कपासन पट्टा वितरण में पूरे उदयपुर संभाग में द्वितीय स्थान पर रही है। शिविर के दौरान प्रचार प्रसार हेतु गतिविधि के तहत पालिका के सफाई कर्मचारियों को शहरी सेवा शिविर 2026 के प्रतीक चिह्न के साथ टीशर्ट व सेफ्टी जैकेट का वितरण किया

अधिशासी अधिकारी खेमराज सिंह गुर्जर ने बताया कि शहरी सेवा शिविर 2026 के तहत जारी वार्डवार कार्यक्रम की निरंतरता में आयोजित इस शिविर में कुल 5 पटटे,5 निर्माण स्वीकृति पत्र , 2 नामांतरण पत्र ,4 जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, वितरित कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान कृषि विभाग द्वारा किसानों को अनुदान राशि का वितरण भी किया गया।

## ठाकुर जी का नगर भ्रमण आज

**देवगढ़, (निसं)।** कस्बा देवगढ़ में निर्जला एकादशी के पावन उपलक्ष्य पर सनातन धर्म प्रेमी बंधुओ द्वारा बुधवार रात्रि को श्री ठाकुर जी को बेवाण में सुसज्जित कर नगर भ्रमण करवाया जायेगा रात्रि को नगर के माणक चौक स्थित श्री चारभुजा नाथ के मंदिर से ठाकुर जी नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे जिसमें सनातन प्रेमी सर्व हिंदू समाज के भजन प्रेमियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। ठाकुर जी की नगर भ्रमण यात्रा माणक चौक से प्रारम्भ होकर सदर बाजार गणेश घाटी, सोलंकी दरवाजा, नारायण जी की गली, कोतवाली चबूतरा होते हुए प्रातःकालीन ब्रह्म मुहर्त में पुनः माणक चौक पहुँचेगी।

# तालाबों के जीर्णोद्धार व वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर विभागों को भेजे निर्देश

**उदयपुर, (कासं)।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के ब्रांड एम्बेसडर एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के समन्वयक के.के. गुप्ता द्वारा जल संरक्षण को लेकर राज्य सरकार को भेजी गई पहल अब रंग लाने लगी है। उनके सुझावों पर संज्ञान लेते हुए राजस्थान नदी बेसिन एवं जल संसाधन योजना प्राधिकरण ने स्वायत्त शासन विभाग एवं पंचायतीराज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों के जीर्णोद्धार तथा शहरी क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

के.के. गुप्ता ने 11 मई को राज्य सरकार को भेजे पत्र में प्रदेश में लगातार घटते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए गांवों में स्थित तालाबों के संरक्षण, साफ-सफाई और पुनर्जीवन की आवश्यकता बताई थी। उन्होंने कहा था कि राजस्थान के विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में तालाब होने के बावजूद गंदगी और अतिक्रमण के कारण उनका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है, जिससे वर्षा जल का पर्याप्त संचयन नहीं हो रहा।

उन्होंने अपने प्रस्ताव में यह भी सुझाव दिया था कि शहरी क्षेत्रों में भवनों की छतों से प्राप्त वर्षा जल को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से भूमि में पहुंचाकर भूजल स्तर बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जाए। इससे जल संकट कम होने के साथ-साथ भूजल संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

राजस्थान नदी बेसिन एवं जल संसाधन योजना प्राधिकरण के मुख्य अभियंता राजपाल सिंह द्वारा जारी पत्र में तालाबों की नियमित साफ-सफाई, जल आवक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने, तालाबों का सीमांकन कराने, मॉडल तालाबों के रखरखाव की समीक्षा करने तथा तालाबों में गंदे पानी की आवक रोकने जैसे बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया गया है।

के.के. गुप्ता ने इस निणन्य का स्वागत करते हुए कहा कि तालाबों का संरक्षण और वर्षा जल संचयन समय की आवश्यकता है। यदि इस दिशा में प्रभावी प्रयास किए गए तो प्रदेश में जल संरक्षण को नई गति मिलेगी और भूजल स्तर में सुधार के साथ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

के.के. गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2015 से 2020 तक नगर परिषद डूंगरपुर बोर्ड में उनके सभापति कार्यकाल के दौरान नगर में बनी हुई रियासत काल की बावडि़यों और कुओं की साफ, सफाई एवं गहराई कराई गई। जिससे प्रतिदिन 8 लाख लीटर पानी नियमित मिलने लगा जिसे नियमित जल विभाग को दिया गया।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट्स के सुधार तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जिला कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में जिला कलेक्टर ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जिले में चिन्हित 20 गंभीर ब्लैक स्पॉट्स का समिति के माध्यम से निरीक्षण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाएं, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।बैठक में जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

# लूट के मामले में बाल अपचारी डिटेन

**उदयपुर, (कासं)।** राहगीर से मोबाईल लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए विधी संघर्षरत बाल अपचारी को डिटेन कर वारदात में प्रयुक्त बाईक बरामद की।

प्रकरण के अनुसार जिग्नेश निवासी आमड़ा पानरवा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 21 जनवरी 26 को अपने घर से भुआ के घर सरादीत जाने के लिए पानरवा से मादड़ी तक जीप में आया तथा वहां से पैदल जा रहा था। मादड़ी पेट्रोलपंप के आगे खाम की मादड़ी रोड़ पर बाईक लेकर तीन लडके आए । पूछताछ करने पर मेरी भुआ के घर जाना बताया। इस पर आरोपी मुझे छोड़नें के बहाने बाईक पर बिठा कर पाना बावड़ी तालाब कातर बाघुपरा ले गए जहां मारपीट कर मेरा मोबाईल लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक विवेकसिंह के सुपरविजन में बाघपुरा थानाधिकारी वैलाराम मय टीम ने कार्यवाही करते हुए तीन बाल अपचारियों को डिटेने कर इनके कब्जे से लूटा गया मोबाईल व वारदात में प्रयुक्त बाईक जब्त कर तीनों को बाल सम्प्रेषणगृह भिजवाया।

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/तामिर/2026/3285 दिनांक :22.6.2026

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्धा/पट्टा शुद्धा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमती ममता तावनिया पिता श्री बजरंग लाल शर्मा | भूखण्ड संख्या- 41 क्षैत्रफल- 1250 वर्गफिट, शिवनगर लाल बाग, नाथद्वारा | 30 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-25 | भूखण्ड संख्या-42 | भूखण्ड संख्या-40 |
| 2. | श्री हरि सिंह राठौड पिता श्री भंवरसिंह राठौड़ निवासी- डबकुडिया कुम्भलगढ | भूखड संख्या-29 एवं 30 बी क्षैत्रफल- 1500 वर्गफीट, शिव नगर नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-38 | 30 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-28 | भूखण्ड संख्या-30ए |
| 3. | श्री मुर्तजा अली बोहरा पिता श्री तोहर अली बोहरा निवासी- नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-10 क्षैत्रफल- 1991 वर्गफिट, कोठारिया रोड, लाल बाग, नाथद्वारा | अन्य भूमि | 30 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-09 | 100 फिट रोड |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

# निष्पक्ष जांच की मांग

**भीण्डर, (निसं)।** उदयपुर जिले के खेरोदा थाना क्षेत्र से जुड़ा एक मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। हमेरपुरा निवासी नरपतसिंह उर्फ नितीन ने खेरोदा पुलिस और डीएसटी टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए उदयपुर पुलिस महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षक को परिवाद सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

परिवादी का आरोप है कि अपने परिचित के घर पर सोते समय 8-10 पुलिसकर्मियों ने अचानक हमला कर दिया और जमकर मारपीट करते हुए हाथ-पैर तोड़ दिये। इसके बाद उसके दोस्त के साथ उठाकर थाने ले गये और अगले दिन कार में एमडी ड्रग रखकर मादर्क पदार्थ का झूठा मुकदमा बनाकर एक माह तक जेल भेज दिया। अब जमानत पर बाहर आकर जब हॉस्पिटल में जांच करवाई तो बायें हाथ में हुए फैक्चर का ऑपरेशन होना संभव नहीं इसलिए जिदंगीभर इस हाथ से भारी वजन नहीं उठा पायेगा। वहीं पुलिस ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए दर्ज दोनों मामलों को सही ठहराया है।

भोपाखेड़ा पंचायत के हमेरपुरा गांव निवासी नरपतसिंह उर्फ नितिन पुत्र शिवसिंह (42) ने उदयपुर पुलिस महानिरीक्षक व जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर को परिवाद देकर थाना खेरोदा में दर्ज प्रकरण संख्या 78 व 79 की निष्पक्ष जांच कर झूठा मुकदमा बनाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग रखी। परिवाद में बताया कि 12 मई 2026 शाम 8 बजे करीब रविन्द्रसिंह ने फोन पर बुलावे के बाद वह अपनी कार से मेनार मेला ग्राउंड पहुंचे थे। वहां पहले से खड़ी एक कार के अलावा पीछे से आई दूसरी कार से उतरे लोगों ने उनकी कार पर पत्थर मारा।

